बरेली, बुधवार
28 मई 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण inext



# एसआरएमएस में आपरेशंस मैनेजमेंट पर व्याख्यान

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (27 May):** श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के एनबीए एक्रिडेटेड एमबीए के विद्यार्थियों के लिए विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया. आपरेशंस मैनेजमेंट विषय पर आपरेशंस केयजन इंक कंपनी के इंडिया हेड एवं वाइस प्रेसिडेंट देवयान भट्टाचार्य ने छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी. कार्यक्रम का शुभारंभ फैकल्टी आफ मैनेजमेंट साइंस के विभाग अध्यक्ष डा. अनुज कुमार ने एलुमनस एसआरएमएस सीईटी-बीटेक के विद्यार्थी रहे देवयान भट्टाचार्य के संक्षिप्त परिचय और स्वागत के साथ किया. देवयान भट्टाचार्य ने एमबीए के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्रों को आपरेशंस मैनेजमेंट विषय पर ग्लोबल स्तर पर इंडस्ट्री द्वारा वर्तमान में अपनाई जा रही नीतियों और तकनीकों के जानकारी देते हुए विद्यार्थियों के सवालों के उत्तर भी दिए. कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के एमबीए सेमिनार हाल में हुआ.